गैरसैंण,गुरूवार
27 जून 2024
वर्षः 16
अंकः 62 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मलबा और बोल्डर आने से पांच घंटे बंद रहा त्यूणी–मोरी मार्ग

विकासनगर। मंगलवार रात हुई बारिश के चलते त्यूणी–मोरी–पुरोला मार्ग पर मलबा और बड़े–बड़े बोल्डर आ गए। इसके कारण यह मार्ग करीब पांच घंटे बंद रहा। इससे हनोल मंदिर पहुंचे श्रद्धालु और पर्यटकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह दस बजे तक मार्ग को यातायात के लिए खोला जा सका। त्यूणी क्षेत्र में मंगलवार रात को भारी बारिश हुई। बारिश से क्षेत्र में गाड़ गदेरे उफान पर आ गए। बारिश के कारण सुबह तीन से पांच बजे के बीच चातरी गाड, हनोल शिवढाग, शटगधार, दारमीगाड पर जगह–जगह सड़क पर बोल्डर और मलबा आ गया। इससे जगह–जगह सड़क बंद हो गई। सुबह हनोल मंदिर से वापस आ रहे श्रद्धालु दिगंबर सिंह सैनी, शरण सिंह, सुशील कुमार ने प्रशासन को सड़क बंद होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर प्रभारी तहसीलदार गंगा पेटवाल ने लोनिवि को तत्काल त्यूणी–मोरी रोड पर जेसीबी मशीन से मलबा और बोल्डर हटाने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि दारमीगाड से लेकर चातरी गाड तक ज्यादा बारिश से जगह–जगह सड़क बंद हो गई थी। सुबह साढ़े आठ बजे से जेसीबी मशीन लगाकर दस बजे तक सड़क को यातायात के लिए खोल दिया गया। करीब पांच घंटे तक हनोल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं सहित पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सोलानी की पैचिंग से बीस गांवों को बाढ़ का खतरा

रुड़की। मौहम्मदपुर बुजुर्ग, डौसनी, रजबपुर, मखियाली कलां, मखियाली खुर्द, जैनपुर, लादपुर, गढ़ी, संघीपुर, रणसूरा और मुबारिकपुर समेत लक्सर के करीब बीस गांव सोलानी नदी के किनारे पर बसे हैं। यहां के कुछ ग्रामीणों ने लक्सर विधायक मौहम्मद शहजाद से शिकायत की थी कि मौहम्मदपुर बुजुर्ग के पास रेलवे ने नदी के बीच पत्थरों की पैचिंग बनाई है। इससे नदी में पानी आने पर रुकावट के कारण इन गांवों को बाढ़ आने की संभावना है। विधायक ने जिला प्रशासन को इससे अवगत कराया था। बुधवार को डीएम के निर्देश पर लक्सर एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने सिंचाई विभाग की विशेषज्ञ टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ टीम ने भी पैचिंग की वजह से नदी के पानी के प्रवाह में रुकावट आने के साथ ही ग्रामीणों की ओर से जताई गई बाढ़ की आंशका की भी पुष्टि की।

### बहुत दिनों तक नहीं चलेगी मोदी सरकार– दिग्विजय सिंह

प्रयागराज । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विदय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार बहुत ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकेगी। किसान, मजदूर, नौजवान और छात्रों सहित सभी वर्ग इस सरकार से नाराज हैं। इसका असर लोकसभा चुनाव में दिख गया है। झूठ के पुलिंदे को लेकर चल रही केंद्र सरकार बहुत कम समय की मेहमान है। दिग्विजय सिंह बुधवार को शहर के गीता निकेतन के पास आयोजित कांग्रेस इंटक की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि नीट पेपर लीक मामला मध्य प्रदेश के व्यापमं घोटाले से भी बड़ा मामला है। एनटीए के अध्यक्ष को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि मोदी सरकार से जब नौजवानों के रोजगार के बारे में बात करता है तो भाजपा के नेता विपक्ष के परिवारवाद का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। हकीकत यह है कि भाजपा और आरएसएस से बड़ा परिवारवादी कोई नहीं है। सरकार में आरएसएस का परिवार ही भरा पड़ा है।

उन्होंने कहा कि यूपीए की मनमोहन सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गरीबों में अनाज वितरण की व्यवस्था लागू की थी। गरीबों को गांव में ही रोजगार मिले इसके लिए कांग्रेस मनरेगा योजना लेकर आई थी। इन योजनाओं को मोदी सरकार अपनी योजना बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। जनता हकीकत जान चुकी है। इसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा है। यह सरकार वैशाखी के सहारे चल रही है जो कभी भी गिर सकती है।

## शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को झटका



सीबीआई को मिली 3 दिनों की रिमांड

नई दिल्ली ,दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिनों की सीबीआई रिमांड में भेज दिया है। हालांकि, सीबीआई ने पांच दिनों की हिरासत की मांग की थी। इस मामले में अगली सुनवाई 29 जून को तय की गई है।

बता दें कि बुधवार सुबह केजरीवाल को तिहाड़ जेल से सीबीआई ने गिरफ्तार किया। इसके बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आरोप लगाया कि जिस कैबिनेट ने नई आबकारी नीति को मंजूरी दी थी, उसका ना महज अरविंद केजरीवाल हिस्सा थे, बल्कि उन्होंने इस घोटाले में अहम भूमिका भी निभाई थी। सीबीआई ने कहा कि वो केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का आमना–सामना कराकर पूछताछ करना चाहते हैं, जिसे देखते हुए उनकी हिरासत जरूरी है। इसके अलावा, सीबीआई ने दावा किया कि जांच जारी है, जुलाई तक पूरी हो जाएगी। वहीं, सीबीआई ने दावा किया कि केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया पर सारा दोष मढ़ा है, लेकिन केजरीवाल ने अदालत में कहा कि उन्होंने सिसोदिया को निदोष बताया है। उन्होंने सिसोदिया पर इस मामले में किसी भी प्रकार का आरोप नहीं लगाया। सीबीआई ने बुधवार सुबह अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया, जिसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां उनका शुगर लेवल अचानक डाउन हो गया, जिसके बाद उन्हें अलग कमरे में ले जाकर चाय और बिस्कुट खिलाई गई। उधर, पति अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की खबर मिलने के बाद सुनीता केजरीवाल कोर्ट पहुंची। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया जिसमें कहा, 20 जून को अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली। इसके बाद तुरंत ईडी ने स्टे लगा दिया। अगले ही दिन सीबीआई ने उन्हें आरोपी बना दिया।

### पीएम मोदी से दो खास मेहमान मिलने पहुंचीं दफ्तर, सुनाई कविता, वीडियो वायरल

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए दो खास मेहमान बुधवार को पीएमओ पहुंचे। ये खास मेहमान कोई और नहीं, बल्कि दो छोटी बच्चियों हैं, जिन्हें देखकर पीएम मोदी बेहद खुश नजर आए। इस दौरान उन्होंने दोनों बच्चियों के साथ कुछ पल गुजारे और बच्चियों को खूब प्यार–दुलार भी किया। दोनों बच्चियों ने पीएम मोदी को कविता भी सुनाई। जिसे सुनकर वह बेहद खुश दिखाई देते हैं और उन्हें शाबासी भी देते हैं, फिर गले लगाते हैं।

पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मुलाकात का वीडियो भी शेयर किया। दोनों बच्चियां हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की पोती हैं। जिनसे वह खुद मिलने के लिए पीएमओ पहुंचे थे। उनकी पोती ने पीएम मोदी की तारीफ में कविता लिखी थी। वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी दोनों को अपने पास बुलाते हैं और उनसे बातें करते हैं। इस दौरान बच्चियां उन्हें कविता सुनाती हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अक्सर कई मौकों पर देखा गया है कि पीएम मोदी व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद समाज के हर वर्ग के लोगों से जुड़ने के लिए समय निकालते हैं।

## सीएम धामी ने जौलीग्रांट एयर पोर्ट के विस्तारीकरण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण का किया अनुरोध

● मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री से भेंट कर दी शुभकामनाएं



जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर उन्हें पुनः पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का दायित्व मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल नेतृत्व में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नये कीर्तिमान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने भेंट के दौरान केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री को अवगत कराया बताया कि वर्तमान में जौलीग्रांट एयर पोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य गतिमान है। जिसके लिये वन विभाग की 87.0815 है0 भूमि का हस्तांतरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु जौलीग्रांट के आस-पास के क्षेत्रों की कुल 96.2182 है0 भूमि में से 87.0815 है0 भूमि वन विभाग की भी अधिग्रहण की जानी है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में मा. उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार/वन विभाग के पक्ष में निर्णय पारित किया जा चुका है। मा. न्यायालय के उक्त निर्णय के उपरान्त जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारण हेतु वन विभाग की उक्त 87.0815 है0 भूमि नागरिक विभाग को हस्तांतरित करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि वर्तमान में जौलीग्रांट एयरपोर्ट से काठमाण्डू (नेपाल) के लिए वायुयान सेवा संचालित किये जाने के लिए निविदा की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिसके दृष्टिगत जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का दर्जा देने की कार्यवाही को गति देने की नितांत आवश्यकता है। भूमि अधिग्रहण एवं कब्जे की प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कर कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री को बताया कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ के अंतर्गत चोपता (तल्लानागपुर) में वर्ष 2014 से राजकीय पॉलिटेक्निक चोपता का संचालन किराए के भवन में किया जा रहा है।

## पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी

● शासनादेश हुआ जारी



– पीआरडी स्वयंसेवकों के लिए राज्य सरकार ले रही कई अहम निर्णय,पीआरडी जवानों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए सरकार है प्रतिबद्ध : रेखा आर्या

देहरादून। राज्य सरकार में पीआरडी स्वयंसेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देते रहते हैं।ऐसे में पीआरडी द्वारा लगातार अपनी कई मांगो से राज्य सरकार को अवगत कराया जाता रहा है।विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी कर दी गई है जिसका की शासनादेश जारी कर दिया गया है।

जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में पीआरडी स्वयंसेवको को प्रतिदिन 570 रुपये मानदेय दिया जाता था जो कि अब 80 रुपये की बढ़ोतरी करने पर 650 रुपये प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री धामी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।कहा कि मुख्यमंत्री धामी राज्य कर्मचारियों के हित मे लगातार कई अहम फैसले ले रहे हैं।कहा कि इस निर्णय से विभाग के लगभग 9400 पीआरडी जवानों को इस बढ़े हुए मानदेय का लाभ प्राप्त होगा।कहा कि हमारे स्वयंसेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देने के साथ ही विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी काम करते हैं।

ऐसे में राज्य सरकार पीआरडी जवानों के हितों को सुरक्षित करने हेतु हर संभव कार्य कर रही है।

### राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाए जाने की एमवीए ने की तारीफ

मुंबई ,महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेताओं ने बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नया नेता (एलओपी) बनाए जाने का तहे दिल से स्वागत किया। नई दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की बैठक के बाद मंगलवार को एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने राहुल गांधी के नाम की घोषणा की थी। एमवीए के सहयोगी झ्र कांग्रेस के बालासाहेब थोराट, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के क्लाइड क्रैस्टो झ्र ने राहुल गांधी को बधाई दी और गर्मजोशी से सराहना करते हुए इसे संविधान को बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। राज्य विधायक दल के नेता थोरात ने कहा, आपके नेतृत्व में एकजुट विपक्ष संविधान को कायम रखेगा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेगा। दलितों, पिछड़े वर्गों, महिलाओं, छात्रों, किसानों और आम आदमी की आवाज संसद में बुलंद की जाएगी।

## नीट यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई ने हजारीबाग के स्कूल प्रिंसिपल को कस्टडी में लिया




रांची , सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को कस्टडी में लिया है। टीम ने हजारीबाग में उनसे घंटों पूछताछ की और इसके बाद उन्हें अपने साथ लेकर रवाना हो गई। हालांकि, सीबीआई ने फिलहाल आधिकारिक तौर पर कोई वक्तव्य नहीं दिया है। एहसान उल हक को एनटीए ने नीट–यूजी परीक्षा के लिए हजारीबाग में सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया था। उन्हें हजारीबाग शहर के चार परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचाने और नियमों के अनुसार परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके पहले पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) टीम ने पटना के रामकृष्ण नगर क्षेत्र से अधजला प्रश्न पत्र बरामद किया था। इस प्रश्न पत्र के सीरियल नंबर की जांच से पता चला कि यह हजारीबाग के मंडई रोड में ओएसिस स्कूल स्थित एग्जाम सेंटर का है। इस मामले की जांच शुरू करने के बाद सीबीआई की टीम मंगलवार को हजारीबाग पहुंची। इस टीम ने ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल से उनके घर और स्कूल में मंगलवार और बुधवार को पूछताछ की। बाद में सीबीआई टीम उन्हें अपने साथ लेकर रवाना हो गई। सीबीआई की टीम ने बुधवार को एसबीआई के हजारीबाग स्थित उस ब्रांच के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं, जहां प्रश्न पत्र रखे गए थे। यहां के अफसरों से भी पूछताछ की गई है।

इसके पहले बिहार ईओयू की जांच में यह बात सामने आई थी कि हजारीबाग में प्रश्न पत्र कूरियर कंपनी के एक रिमोट एरिया स्थित सेंटर पर पहुंचे थे और इसके बाद प्रश्न पत्रों के ट्रंक बैंक तक ई–रिक्शा से पहुंचाए गए थे। बैंक में भी प्रश्न पत्रों को रिसीव करने से लेकर उनके रखरखाव में लापरवाही की बात कही जा रही है।

सूचना है कि सीबीआई की टीम जल्द ही रांची और देवघर भी पहुंच सकती है। ईओयू की जांच में यह बात सामने आई है कि प्रश्न पत्रों को सॉल्व करने वाला गैंग रांची से ऑपरेट किया जा रहा था। यहां मेडिकल पीजी के स्टूडेंट्स से प्रश्न पत्रों को हल करवाकर पटना भेजा गया था। इस मामले में ईओयू ने झारखंड के देवघर शहर से छह युवकों को हिरासत में लिया था। बाद में इनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी युवक बिहार के नालंदा के रहने वाले हैं, जो देवघर में मजदूर बनकर किराए के मकान में रह रहे थे।

## ओम बिरला ने इमरजेंसी को कोसते हुए लोकसभा में रखवाया मौन

विपक्ष को लगी मिर्ची



नई दिल्ली ,लोकसभा में आज ओम बिरला स्पीकर बन गए और अपनी पहली ही स्पीच में बिरला ने इंदिरा सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी की बरसी पर जमकर सदन में सुनाया। उन्होंने इमरजेंसी को लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताया, कांग्रेस को उसके लिए घेरा और सदन में दो मिनट का मौन भी रखवा दिया। सत्ता पक्ष के सांसदों ने मौन रखा, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के सांसद हंगामा करते रहे। कांग्रेस सांसदों का आरोप था कि स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं।

मौन के बाद स्पीकर ने गुरुवार तक के लिए संसद को स्थगित कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, ह्यप्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों को मुझे फिर से सदन के अध्यक्ष के रूप में दायित्व निर्वाहन करने का अवसर देने के लिए सबका आभार व्यक्त करता हूं। मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए भी मैं सभी का आभारी हूं।ह्ल उन्होंने आगे कहा, ह्यह 18वीं लोकसभा लोकतंत्र का विश्व का सबसे बड़ा उत्सव है। अन्य चुनौतियों के बावजूद 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ चुनाव में भाग लिया।

### दो जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में तलब

नई दिल्ली ,कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी फिर से मुश्किल में फंस गए हैं। सुल्तानपुर की रूक्क/रूरू कोर्ट ने मानहानि केस में राहुल गांधी को 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। यह मानहानि मामला गृह मंत्री अमित शाह के ऊपर की गई एक विवादित टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि बीजेपी कहती जरूर है कि वो स्वच्छ राजनीति करती है, उसमें पूरी आस्था रखती है, लेकिन पार्टी का अध्यक्ष खुद हत्या के एक मामले में आरोपी है। अब समझने वाली बात यह है कि जिस समय राहुल ने यह बयान दिया था, तब अमित शाह ही बीजेपी के अध्यक्ष थे। उसी केस में उनके खिलाफ मानहानि का केस हुआ और अब उन्हें पेश होने के लिए कहा गया है।

### पुलिस की कार्रवाई पर बड़ा सवाल....

## बडोवाला में दूसरे दिन कूड़े के ढेर से मिला तीसरा शव

– जहां कल मिले थे दो शव उसी जगह आज फिर मिली एक महिला की लाश




देहरादून।मंगलवार शाम को बडोवाला के निकट जहां एक महिला व नवजात के शव मिले दूसरे दिन उसकी जगह पर एक और शव मिला है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहें हैं। क्योंकि पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण नहीं किया। अगर किया होता तो तीनों शव बरामद हो जाते। बहरहाल एक ही जगह तीन शव मिलने से पुलिस के हाथ पांव फूल गए हैं। एसएसपी अजय सिंह व एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया।

एसएसपी ने इस गुत्थी सुलझाने के लिए पूरा पुलिस फ़ोर्स झोंक दिया है। सभी थानों से गुमशुदाओं की लिस्ट मंगवा ली गई है। हालांकि अभी तक पुलिस मामले की तह तक नहीं पहुंच पाई है। मंगलवार शाम को बडोवाला के निकट सूखे नाले से एक महिला व नवजात का शव मिला था। पुलिस मामले की जांच ही कर रही थी कि बुधवार को पुलिस को घटनास्थल के आसपास ही कूड़े के ढेर के नीचे एक महिला का शव होने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि महिला कूड़े के ढेर में महिला के हाथ ही नजर आ रहे थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मंगलवार को जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो आसपास सर्च क्यों नहीं किया गया। वहीं डॉग स्क्वायड की टीम ने कैसा सर्च किया कि पास ही पड़े शव को ढूंढ पाई।

ये है मामला : पटेलनगर के बड़ोवाला क्षेत्र में मंगलवार को एक सूखे नाले में नवजात और एक महिला का शव पड़े मिले थे। दोनों शव करीब तीन दिन पुराने बताए जा रहे हैं। दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। माना जा रहा है कि दोनों की हत्या कर किसी ने शव यहां फेंके हैं। पटेलनगर कोतवाली इंस्पेक्टर कमल कुमार लूंठी का कहना है कि मौके पर शव की शिनाख्त के प्रयास किए गए लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। शव का पंचायतनामा आज भरा गया। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस के मुताबिक बड़ोवाला में जो दो शव मिले थे उनके बारे में माना जा रहा है कि दोनों मां बेटी हैं। हालांकि इसका पता डीएनए रिपोर्ट के बाद ही चल सकता है, लेकिन ये बात पुलिस की मुश्किलें और बढ़ा रही है।

## राम मंदिर में पानी टपकने के दावे को चंपत राय ने किया खारिज



नई दिल्ली , राम मंदिर को लेकर मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने दावा किया था कि पहली ही बारिश में मंदिर की छत से पानी टपक रहा है। उनके इस दावे पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की तरफ बयान जारी किया गया है। उन्होंने साफ किया है कि एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही गर्भगृह में पानी पहुंचा है। अयोध्या में राम मंदिर में पानी टपकने के आरोपों को चंपत राय ने गलत ठहराते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में वर्षा काल के दौरान छत से पानी टपकने के संदर्भ में कुछ तथ्य आपके सामने रख रहा हूं। पहली बात तो यह है कि गर्भगृह में जहां भगवान रामलला विराजमान हैं, वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि दूसरा यह कि गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में मंडप है, इसे गूढ़ मंडप कहा जाता है, वहां मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य पूर्ण होने के पश्चात (भूतल से लगभग 60 फीट ऊंचा) घुम्मट जुड़ेगा और मंडप की छत बंद हो जाएगी। इस मंडप का क्षेत्र 35 फीट व्यास का है। जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढककर दर्शन कराए जा रहे हैं, द्वितीय तल पर पिलर निर्माण कार्य चल रहा है।

### हिमाचल प्रदेश में 10 जुलाई को उपचुनाव, 13 उम्मीदवार मैदान में

शिमला , हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीट–– देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ पर 10 जुलाई को उपचुनाव होगा। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी के बाद 13 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। हमीरपुर में निर्दलीय उम्मीदवार प्रदीप कुमार के नामांकन वापस लेने के बाद अब केवल तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। नालागढ़ में निर्दलीय उम्मीदवार गुरनाम सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। अब पांच उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। देहरा में किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। पांच उम्मीदवार उपचुनाव लड़ेंगे। कांगड़ा जिले की देहरा विधानसभा सीट पर कांग्रेस की कमलेश कुमारी (53), भाजपा के होशियार सिंह (57) और निर्दलीय उम्मीदवार सुलेखा देवी (59), अरूण अंकेश स्याल (34) और संजय शर्मा (56) चुनाव लड़ रहे हैं।

## पाकिस्तान में गर्मी ने मचाया तांडव, 36 लोगों की मौत, अलर्ट पर अस्पताल



कराची , पाकिस्तान के कराची में इस वक्त बहुत ज्यादा गर्मी पड़ रही है। स्थानीय लोग पिछले दो दिनों से लू से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही गर्मी से मरने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। कराची शहर में अज्ञात शव मिल रहे हैं। शवों के मिलने की संख्या बढ़कर अब 36 हो गई है। इससे अधिकारी बहुत ज्यादा चिंतित हो गए हैं। दरअसल न तो किसी ने शवों का दावा किया है और न ही इन अज्ञात मौतों के लिए कोई कारण बताया गया है। सिंध प्रांत की सरकार ने अज्ञात शवों की बरामदगी के बाद कराची में कम से कम 77 हीट वेव राहत केंद्र बनाए हैं। बीते तीन दिनों में भीषण गर्मी में कम से कम 36 लोगों की मौत की खबर है। रविवार को 10, सोमवार को 15 और मंगलवार को 11 शव मिलने से स्थानीय प्रशासन स्तब्ध रह गया। ये शव कल्याणकारी संगठनों ने खोजे। संगठनों की एंबुलेंस ने ही शवों को अस्पताल पहुंचाया। ईधी फाउंडेशन के एक प्रतिनिधि के अनुसार, ज्यादातर शव उन लोगों के थे जो नशे में थे। गर्मी के साथ नशे का जुड़ना घातक हो जाता है। ईधी फाउंडेशन के प्रतिनिधि अजीम खान ने कहा, कई मृतक कथित तौर पर मौत के समय नशे में थे। यह तेज गर्मी और नशीले पदार्थों के सेवन का एक घातक संयोजन (जुड़ना) है। कराची के विभिन्न हिस्सों से शव बरामद करने वाले एक अन्य कल्याणकारी संगठन ने पुष्टि की कि मृतकों में से कुछ लोग नशे के आदी थे। छीपा वेलफेयर एसोसिएशन के एक स्वयंसेवक ने बताया, मृतकों में से तीन नशे की लत के शिकार लगते हैं।

## संपादकीय


### जल निकासी प्रबंधन में लीपापोती

गर्मियों की तपिश के बाद प्री मानसून ने उत्तराखंड में दस्तक दी है। मानसून से पूर्व की बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी है तो वही नगरीय व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ी समस्या उन बड़े नगरों में है जहां विकास के नाम पर बड़ी–बड़ी बिल्डिंग और दूसरे निर्माण किए गए हैं जिस कारण जल निकासी के सभी स्रोत या तो जर्जर हालत में है या फिर उन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए कोई प्लानिंग ही नहीं की गई। मानसून पूर्व की थोड़ी सी बरसात ने ही शहरों की पोल खोल कर रखती है। कहने को तो ग्रीष्म ऋतु के दौरान ही जिला प्रशासन की ओर से मानसून के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए सभी तैयारियां को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन अधिकांश नगरों में यह काम केवल खाना पूर्ति के लिए ही नजर आया। राजधानी देहरादून में जिस प्रकार से भारी बरसात देखने को मिली है उसने यहां की जल निकासी की पोल भी खोल कर रख दी है साथ ही नगर निगम और जिला प्रशासन के दावों को भी हवाई साबित कर दिया जिसमें जिलाधिकारी के आदेशों के बावजूद बरसात से पूर्व नालियों एवं नालों की सफाई का काम पूरा नहीं किया जा सका। कुछ दिनों में मानसून अपना असर दिखाएगा तो उसके बाद कल्पना की जा सकती है कि नगरों में कैसे हालात पैदा होंगे? सबसे बड़ी समस्या नगरीय क्षेत्र में निर्माण को लेकर है जहां प्राधिकरण आंखें मूंद कर नक्शे पास करता है और यह तक जानने का प्रयास नहीं किया जाता कि जल निकासी के लिए बिल्डरों या दूसरे निर्माणकर्ताओं द्वारा क्या प्रबंध किए गए हैं? यही कारण है कि आज देहरादून शहर का आधा हिस्सा जल भराव से जूझ रहा है जबकि निचले स्थान पर भी जल भराव के कारण पहली बारिश में ही परेशानियां दिखने लगी हैं। समस्या यह है कि जब सब तरफ बड़े–बड़े निर्माण करते हुए नदी नालों को बंद कर दिया गया है तो इन परिस्थितियों में आखिर बारिश का पानी जाएगा कहां? एक सुव्यवस्थित एवं नियोजित नगर में निर्माण के साथ–साथ ही सीवर एवं जल निकासी की व्यवस्था को प्रमुखता से अमल में लाया जाना चाहिए लेकिन यहां जिला प्रशासन से लेकर प्राधिकरण एवं निर्माण एजेंसियां लाख परेशानियां उत्पन्न होने के बावजूद भी टस से मस होने को तैयार नहीं है। नगर क्षेत्र में सीवर का काम भी अभी अधर में ही लटका हुआ है और ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां या तो सीवर चालू ही नहीं हुए या फिर आधे अधूरे लटके हुए हैं। अभी तो मानसून की शुरुआत होनी है और अभी से यदि व्यवस्थाएं पटरी से उतरती नजर आ रही हैं तो आने वाले दिन कितने कष्टकारी साबित होने वाले हैं इसकी कल्पना वर्तमान हालातो से की जा सकती है। यदि अभी भी धरातल पर उतरकर युद्ध स्तर पर थोड़े प्रयास किए जाएं तो कुछ हद तक मानसून के दौरान जल भराव से थोड़ी राहत मिल सकती है लेकिन ना तो निगम के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है और ना ही अधिकारियों के पास इच्छाशक्ति। ऐसे हालातो में आम लोगों के पास सिवाय व्यवस्थाओं को कोसने के कुछ अधिक नहीं रह जाता है। जल निकासी प्रबंधन एक दीर्घकालीन व्यवस्था है जो महज चंद दिनों में सुधरने संभव नहीं है लेकिन प्रशासन अक्सर मानसून से पूर्ण चंद दिनों का अभियान चलाकर सिर्फ और सिर्फ लीपा पोती ही करता है जिसका ना तो कोई असर नजर आता है और ना ही चंद दिनों का यह सफाई अभियान कारगर साबित होता है।

## गर्मी के बढ़ते प्रकोप अधिकांश देश त्रस्त

**भारत डोगरा**

जलवायु बदलाव के इस दौर में बढ़ती गर्मी के प्रकोप से दुनिया के अधिकांश देश त्रस्त हैं, पर अधिक विकट स्थिति गरीब देशों की है। इसी तरह यदि आंतरिक स्तर पर देखें तो विभिन्न देशों, शहरों और गांवों में गर्मी का सबसे अधिक प्रकोप सबसे निर्धन लोगों को झेलना पड़ता है।



बढ़ती गर्मी के द्योतक के रूप में प्रायः तापमान के आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं और ये हमें काफी निश्चित तौर पर बताते हैं कि बहुत से स्थानों पर हाल के वर्षों और दशकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। तिस पर जहां हरियाली कम हुई है, सीमेंट–कंक्रीट का जाल बढ़ा है, वहां बढ़ती गर्मी का असर और भी घातक रूप में नजर आ रहा है। इस बारे में अनेक अध्ययन भी उपलब्ध हैं।

दूसरी ओर, गर्मी के बढ़ते प्रकोप का एक ऐसा पक्ष भी है जो अति महत्तपूर्ण होते हुए भी अपेक्षाकृत उपेक्षित है।

यह है आर्थिक–सामाजिक विषमता का पक्ष। जिस समाज, नगर या गांव में अधिक विषमता और अधिक असमानता होगी, वहां ऐसे साधनहीन परिवारों का प्रतिशत भी अधिक होगा जो जलवायु बदलाव के दौर में बढ़ती गर्मी के प्रकोप और अन्य तरह के प्रतिकूल मौसम के दुष्परिणामों को सहने में कम सक्षम हैं। जहां गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू के थपेड़ों के बीच साधन–संपन्न व्यक्ति अपने बचाव और आराम के विभिन्न उपाय करने में समर्थ है, वहां निर्धन परिवारों के लिए यह संभव नहीं है और अनेक दिहाड़ी मजदूर परिवार के लिए रोटी और बुनियादी जरूरतों की व्यवस्था के लिए घोर गर्मी में भी मजदूरी ढूंढने के लिए मजबूर हैं। यह स्थिति गांवों और शहरों, दोनों जगह देखी जा सकती है। पुरुष ही नहीं, अनेक स्थानों पर तो महिला मजदूर भी गर्मी का बहुत प्रकोप झेल रही हैं।

जहां किसानों और स्व–रोजगार वालों के लिए कम से कम यह संभव है कि वे अपने काम के घंटों को गर्मी से बचाव की दृष्टि से बदल लें, पर अनेक मजदूरों के लिए यह निर्णय भी अपने स्तर पर लेना संभव नहीं है। अतः यह बहुत जरूरी है कि विशेषकर खुले क्षेत्र में और अधिक गर्मी की स्थिति में कार्य करने वाले मजदूरों की रक्षा के लिए विशेष कदम सरकार उठाए। देश में गर्मी के अधिक प्रकोप के रूप में चर्चित क्षेत्रों में बुदेलखंड का नाम विशेष तौर पर लिया जाता है।

यहां तापमान बहुत ज्यादा रहा है और कई दिनों तक लगातार 42 सेंटीग्रेड से 49 सेंटीग्रेड के बीच रहा। इसके अतिरिक्त, नदियों और अन्य जल–स्रोतों के सिकुड़ने या लुप्त होने, अंधाधुंध बालू और पत्थर के खनन, वृक्षों की कटाई, सिमटते वनों के कारण भी इस क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। घर–घर में नल तो लग गए हैं पर इसके बावजूद जल–संकट तो बना हुआ है।

इस क्षेत्र में गर्मी के विकट प्रकोप के दिनों में जब हाल ही में यह लेखक दूर–दूर के गांवों में गया तो यही सच्चाई बार–बार उभर कर सामने आई कि जहां सामाजिक विषमता और अन्याय है, दबंगी और सामंतशाही का असर अधिक है, वहां एक ओर तो सामान्य समय में ही निर्धन और जनसाधारण अधिक समस्याओं से त्रस्त होते हैं और गर्मी के बढ़ते प्रकोप और प्रतिकूल मौसम के दौर में उनकी समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। जब सुबह 9–10 से ही गर्मी बहुत बढने लगती थी तो खुले में निर्माण कार्य या कृषि कार्य दिन–भर करने की हिम्मत कोई कैसे जुटा सकता है? तिस पर यदि दोपहर में छाया में विश्राम और ठंडे पानी की सुविधा भी सही ढंग से उपलब्ध न हो तो स्थिति और भी विकट हो जाती है। फिर भी मजबूरी में, पेट भरने के लिए बहुत विकट स्थितियों में भी मजदूरी जारी रहती है। प्रायः शहरों के दिहाड़ी मजदूरों को नाकों या चौकों पर बहुत समय तक गर्मी में मजदूरी का इंतजार करना पड़ता है, तभी उनको दिहाड़ी के कार्य पर लिया जाता है।

अनेक मजदूर आसपास के गांवों से भी शहरों में दिहाड़ी की मजदूरी के लिए जाते हैं, फिर चाहे गर्मी का प्रकोप कितना भी अधिक हो। ऐसा ही एक मात्र 18 वर्ष का बहुत सीधा–सादा दलित भूमिहीन युवक रत्नेश जब जून के प्रथम सप्ताह में अपने गांव से बांदा नगर की ओर मजदूरी के लिए जा रहा था, तो उसे गांव के दबंगों ने इस आधार पर रोका–टोका और गाली–गलौज की कि उसे उनके यहां मजदूरी करने के लिए मजबूरन जाना पड़ेगा। जब रत्नेश ने कहा कि वह उनके यहां नहीं जा सकता है तो पत्थरों से हमला कर उसे बेहद निर्दयता से मार दिया गया। इस तरह की बेहद दर्दनाक घटनाओं से पता चलता है कि आज भी सबसे निर्धन परिवारों पर सामंतशाही कितना जोर–जुल्म करती है। गर्मी का प्रकोप बढ़ जाने पर जब मजदूर मिलने में कठिनाई होने लगती है जो मजदूर प्राप्त करने के लिए इस तरह की जोर–जबरदस्ती और दबाव भी बढ़ सकते हैं।

जलवायु बदलाव और बढ़ते ताप पर दुनिया भर में विमर्श तेज हो रहा है। पर इस विमर्श में न्याय और विषमता के महत्त्वपूर्ण मुद्दों को समुचित स्थान नहीं मिल रहा है। अब समय आ गया है कि इन मुद्दों में समता और न्याय का समुचित समावेश हो। विशेषकर गर्मी के प्रकोप के संदर्भ में देखें तो स्पष्ट नीति बननी चाहिए कि जो मजदूर और मेहनतकश गर्मी के प्रकोप से सबसे अधिक संकटग्रस्त हैं और उनकी विशेष सहायता के लिए असरदार कदम उठाए जाएं और उन्हें कार्यस्थल पर गर्मी से बचाव की जरूरी सुविधाएं उपलब हों। केवल निर्देश जारी करना भर पर्याप्त नहीं है। कई बार सरकारी निर्देश जारी हो जाते हैं पर जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आता। यह बहुत से लोगों के जीवन का सवाल है और इसलिए इस बारे में तो असरदार कार्यवाही होनी ही चाहिए।

शहरी संदर्भ में देखें तो बेघर लोगों की सहायता के लिए अधिक प्रयास जरूरी हैं। पहले बेघरों की समस्याओं को मुख्य रूप से अधिक सर्दी के दिनों के संदर्भ में समझा गया और उनके आश्रय के लिए विश्व अभियान भी सर्दी के दिनों में ही चलते रहे पर जिस तरह की भीषण गर्मी का प्रकोप अब देखा जा रहा है, तो बेघर लोगों के लिए या गांव से कुछ समय के लिए शहर आए लोगों के लिए गर्मी के दिनों में भी रात हो या दोपहर, आश्रय स्थलों की जरूरत है। देश के बड़े भाग में अधिक सर्दी तो अब चंद सप्ताहों तक सिमट कर रह गई है, जबकि अधिक गर्मी का प्रकोप वर्ष के अधिकांश समय में छाया रहता है। बदलती स्थितियों के अनुसार ही सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों में भी बदलाव होने चाहिए और शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, अब यह स्पष्ट हो रहा है कि निर्धन वर्ग और मेहनतकश वर्ग की गर्मी से प्रकोप से रक्षा के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता बढ़ती जा रही है।

## रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम कैसे?

**अजय दीक्षित**

छोटी–छोटी रेल दुर्घटनाओं की खबर स्थानीय अखबारों में छप जाती है या लोगों को मालूम ही नहीं होता । रेल सेफ्टी से प्रायः ड्राइवर या अधिकारी खिलवाड़ करते हैं । पिछले दिनों मुरैना–आगरा खण्ड पर जाजौ और मनियां के बीच ड्राइवरों को कॉशन था कि बहुत धीमी रफ्तार से गाड़ी चलायें । फिर भी थ्रू ट्रेनों के ड्राइवर 180 की स्पीड से गाड़ी ले गये । भाग्य से कोई दुर्घटनानहीं घटी । पिछले दिनों न्यूजलपाईगुड़ी में कंचन चंपा और मालगाड़ी की टक्कर में बड़ी संख्या में यात्री मरे? । इसके साथ ही रेल कर्मचारियों को भी मौत का सामना करना पड़ा । कई साल से चर्चा है कि रेलवे 'कवच' नाम से सेफ्टी लगा रहा है और इससे रेल की आपस में टक्कर नहीं हो सकेगी । परन्तु जिस तेजी से हाई स्पीड गाडियां चलाई जा रही हैं और ज्यादा किराये वाली सुविधा युक्त गाडियों का नये–नये नामों से संचालन हो रहा है, उतनी तेजी से 'कवच' नहीं लगाया जा रहा है । वह जमाना बीत गया जब रेलमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना होने पर केन्द्रीय कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था । यूं वर्तमान रेल मंत्री तुरन्त दुर्घटनास्थल पर पहुंच गये थे परन्तु इससे बचाव के काम में कोई तेजी नहीं आती अपितु रेलमंत्री की सुविधा और सुरक्षा में लगे अधिकारी और कर्मचारी उनके आवभगत में लग जाते हैं तो बचाव कार्य में बाधा ही पड़ती है । नये मंत्रिमंडल के गठन के समय जे.डी.यू. ने रेल मंत्रालय की मांग की थी, उस पर प्रधानमंत्री का कहना था कि जिस तेजी से रेल सेवा का विस्तार और विकास हो रहा है उसमें बहुत सक्षम रेलमंत्री की आवश्यकता है। यदि नितीश कुमार स्वयं रेल मंत्रालय संभालें तो सोचा जा सकता है । वर्तमान रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव बहुत कर्मठ और लग्नशील हैं । पिछले कुछ वर्षों में गेज परिवर्तन, तीसरी लाइन, स्टेशनों का विकास और विस्तार रेल सेवा में सुविधा और आराम को लेकर बहुत कुछ किया जा चुका है और आगे भी किया जा रहा है । अब प्रत्येक रेल स्टेशन में स्थानीय उत्पाद की दुकानें खोली जा रही हैं । वेटिंग लिस्ट को कब किया जा रहा है । मध्यम वर्ग व गरीब वर्ग के लिए सस्ती रात्रि कालीन सेवाएं शुरू की जा रही हैं । इसके लिए ऐसे डिब्बों का निर्माण हो रहा है जिसमें ज्यादा स्लीपर होंगे । वंदे भारत ट्रेनों में भी स्लीपर सुविधा का विस्तार किया जा रहा है । परन्तु इन सबसे बढकर जो ज्यादा जरूरी है वह है रेल सेवा में सुरक्षा ताकि यात्री को भरोसा हो कि वह सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंच जायेगा । न्यूजलपाईगुड़ी में हुए रेल हादसे के समय कहते हैं सिग्नल काम नहीं कर रहे थे और स्टेशन मास्टर की लिखित आज्ञा से ट्रेन बढ़ रह थी । शायद 15 मिनट के अंतराल पर दोनों ट्रेनों को आज्ञा देने से यह हादसा हुआ हो । त्रिपुरा से सियालदह जा रही इस ट्रेन में 10–15 यात्री मारे गये हैं और बड़ी संख्या में यात्री घायल हैं । कहते हैं कि इस ट्रेन का ड्राइवर और मालगाड़ी का गार्ड भी मारा गया है । रेलवे सेफ्टी के अधिकारी अपने काम में लगे हैं परन्तु इससे मरने वाले वापिस नहीं आयेंगे ।

### जीरो टेरर प्लान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर महज छद्म लड़ाई रह गया है। केंद्रशासित प्रदेश में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें शाह ने आंतकी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने यानी जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिशिचत करने का भी निर्देश दिया। मोदी सरकार के जम्मू–कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कसर न छोडने की बात भी दोहराई। आने वाले महीनों में प्रदेश में चुनाव भी होने हैं, और चौबंद सुरक्षा से चुनाव सहजता से कराने में मदद मिलेगी। शाह ने जून के अन्त में शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। हालांकि बीते हफ्ते ही आतंकियों ने राज्य के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए जिनमें नौ तीर्थयात्रियों मौत और एक जवान शहीद हो गया।

## अस्तित्व के संघर्ष के साथ बढ़ता शरणार्थी संकट

**नवनीत शर्मा**

अपनी माटी की संकल्पना शायद घुमंतु जीवन के अवसान के साथ ही शुरू हुई होगी। इसी संकल्पना के विस्तारण ने अपनी गली, मोहल्ला, गांव, देस–परदेस की अवधारणाओं को जन्म दिया। बसने के लिए एक खोह या कंदरा भी घर के नाम से सुशोभित होती है और कोई घर अपने निवासियों को नहीं निकालता और यदि निकालता है तो उसे सीमांत पर ले जाकर पलायन करने को मजबूर करता है। पलायन का शब्द और संगीत दोनों ही वीभत्स भाव पैदा करते हैं। पलायन के साथ ही व्यक्ति न केवल बेघर हो निराश्रित हो जाता है, साथ ही वैयक्तिक नागरिकता खो शरणार्थी के सर्वनाम में तब्दील हो जाता है। शरणागत की रक्षा करने वालों की प्रशंसा में अनेकों वीरगाथाएं हैं पर शरणागत होना हमेशा ही एक अभिशाप रहा है। अपना और अपनों की जीवन रक्षा के लिए किया गया पलायन हमेशा रणछोड़ बनाता है, कमजोर नहीं।दुनिया भर में अस्मिता और अस्तित्व की लड़ाई हमेशा ताकत और वर्चस्व से तय हुई, जिसमें अल्पसंख्यक और हाशिये के लोग या तो हताहत हुए अथवा पलायन करने को मजबूर हुए। इस समय दुनिया भर में लगभग बारह करोड़ वैध शरणार्थी हैं। इनमें अवैध शरणार्थियों की संख्या नहीं जोड़ी जा सकती क्योंकि उन्हें कोई नहीं गिनता, न पलायन को मजबूर करने वाला देश, न ही शरण देने वाला देश। ये शरणार्थी तो वे हैं जो राजनीतिक, धार्मिक, भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, भाषायी, नस्लीय, जातीय, रंग, यौनिकता इत्यादि चिह्नित भेदों की वजह से पलायन करते हैं। अपने ही देश में परदेसी होने की व्यथा हम ने कोरोना काल में सड़कों पर पैदल चलते देखी है। जीवन, सुरक्षा और बेहतर कल की आस लिए सैकड़ों लोग अपने घरों से भागते हैं। इस संख्या का एक तिहाई हिस्सा उस पीढ़ी का है जो अभी 18 बरस की भी नहीं हुई। ये वे नाबालिग हैं जिन पर वैध वयस्क नागरिक होने से पहले ही शरणार्थी होने का ठप्पा लग जाता है। इस आबादी में बहुत–से अबोध तो देश और भूगोल के बीच अंतर भी नहीं कर पाते। 12 करोड़ विस्थापितों में लगभग 68 प्रतिशत अपने ही देश में इस दंश से पीड़ित हैं तो लगभग चार करोड़ राष्ट्र के स्तर पर शरणार्थी हैं। 60 लाख की जनसंख्या राजनीतिक शरणार्थी के दर्जे के लिए कतार में है और 50 लाख लोग अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं।जिस दुनिया में पूरी आबादी की तुलना में दोगुनी बंदूक की गोलियों का निर्माण और खपत हो, वहां कौन कब तक परलोक से यहां शरणार्थी है, कहा नहीं जा सकता। इन शरणार्थी–विस्थापित लोगों को घुसपैठिया करार देकर एक अलग तरह की राजनीति भी जन्म लेती है जिससे एक अलग तरह का उग्र राष्ट्रवाद पनपता है। लडना हमेशा पर्याय रहा है भागने का, भागना विपर्यय है और मानवजीवन की मानवरचित विद्रूपता भी। नदी की बाढ़ की चपेट से भागे हुए व्यक्ति और युद्ध की चपेट से भागे हुए व्यक्ति में एक बड़ा अंतर होता है। बाढ़ का उन्माद उतर सकता है, युद्ध और विभेदीकरण का उन्माद केवल स्वरूप बदल सकता है, मिटता नहीं है। पलायन को मजबूर व्यक्ति की खलनायक के प्रति हिंसा और नफरत पनपती है और हिंसा प्रतिहिंसा को जन्म देती है।

यह खलनायक प्रायः भिन्न देश, धर्म, रंग, नस्ल, जाति, भाषा के होते हैं और पलायनकर्ता केवल उस खलनायक से ही नहीं अपितु उसकी पूरी सभ्यता और संस्कृति के खिलाफ लडने का भाव रखता है। पलायन से अभिशप्त व्यक्ति अपनी वैयक्तिक नागरिकता की खोज में हर सामूहिक अस्मिता या पहचान का परस्पर विरोध करता है। शरणार्थी व्यक्ति अवसाद, कुंठा, प्रतिकार इत्यादि मनोभाव लेकर नई जमीन की तलाश में होता है। धान और आदमी में शायद यही अंतर है। धान का बेहन लगता है जबकि अपनी जड़–जमीन से उखाड़ा हुआ व्यक्ति कहीं और नहीं पनप पाता, क्योंकि उसके सपनों का भूगोल उसे वह जलवायु नहीं देता जहां से वह पलायन करके निकला था। शरणार्थी बच्चों के सपने में उसके वर्तमान और उसके मां–बाप के अतीत के देश–जलवायु में फर्क होता है जो उसे कहीं का स्पष्ट सपना नहीं देखने देता। कुछ देश शरणार्थी अथवा पलायनकर्ता को न चाहते हुए भी उनको पहले की तरह बसने में सहायता करते हैं और कुछ देश उन्हें घुसपैठिया कह कर भगाने के बारे में विचार करते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर चंदू चैंपियन ने वीकेंड पर लगाई लंबी छलांग, 50 करोड़ की ओर कमाई

कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. इस फिल्म को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है. हालांकि फिल्म की शुरुआत धीमी हुई थी लेकिन उसके बाद इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली और अब ये जमकर कमाई कर रही है. खासतौर पर वीकेंड पर चंदू चैंपियन की परफॉर्मेंस जबरदस्त रही है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 10वें दिन यानी सेकंड संडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है? चंदू चैंपियन सिनेमाघरों में 14 जून को रिलीज हुई थी. ये फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक है. इस फिल्म में कार्तिक आर्यन की दमदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है. फिल्म की कहानी भी बेहद पसंद की जा रही है. इस के साथ ह्यचंदू चैंपियनह्व बॉक्स ऑफिस पर भी दमदार परफॉर्म कर रही है. ये फिल्म अब रिलीज के दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. फिल्म की कमाई की बात करे तो इस फिल्म ने 4.75 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 7 करोड़, तीसरे दिन 9.75 करोड़, चौथे दिन 5 करोड़, पांचवें दिन 3.25 करोड़, छठे दिन 3 करोड़ और सातवें दिन 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया था. इसी के साथ ह्यचंदू चैंपियनह्व की एक हफ्ते की कुल कमाई 35.25 करोड़ रुपये हो गई थी.वहीं रिलीज के दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 8वें दिन 2.65 करोड़ और नौंवे दिन 4.85 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक ह्यचंदू चैंपियनह्व ने रिलीज के 10वें दिन 6.50 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ ह्यचंदू चैंपियनह्व का 10 दिनों का कुल कलेक्शन अब 49.25 करोड़ रुपये हो गया है. चंदू चैंपियन ने स्लो स्टार्ट की थी लेकिन इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में अच्छा कारोबार कर लिया.



## रीस टॉपले से होगा हिटमैन को खतरा

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप जीतने से महज दो कदम दूर है। टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, जहां उसका सामना इंग्लैंड से 27 जून को होना है। यह सेमीफाइनल गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाना है। ऐसे में जानते हैं भारत–इंग्लैंड के बीच किन खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जिस तरह सुपर–8 मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बैटिंग की, उसे देखकर इंग्लैंड खेमे में जरूर खलबली मची होगी। अगर रोहित शर्मा अपनी इस फॉर्म को सेमीफाइनल मैच में बरकरार रखते है तो इंग्लैंड की टीम के फाइनल में पहुंचने के कोई चांस नहीं। भारत का फाइनल में सामना इस टीम के साथ होगा, हरभजन सिंह की भविष्यवाणी ने क्रिकेट फैंस को चौंकाया

2. विराट कोहली बनाम आदिल राशिद

लिस्ट में दूसरे नंबर पर विराट कोहली का नाम है, जो टी20 विश्व कप 2024 में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं कर सके हैं। विराट कोहली सुपर–8 मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डक पर आउट हुए थे। किंग कोहली से उम्मीद है कि वह सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारी खेलते हुए नजर आएंगे।

## भारतीय टीम को लगा बड़ा झटका

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

इस सीरीज के लिए हाल ही में भारतीय टीम का ऐलान किया गया था। अब टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है। कढछ का स्टार खिलाड़ी चोटिल होकर इस सीरीज से बाहर हो गया है। दरअसल, नीतीश रेड्डी चोट के चलते जिम्बाब्वे का दौरा नहीं करेंगे। शिवम दुबे को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। दुबे इन दिनों टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलने में व्यस्त हैं।



मेडिकल टीम की नजर में नीतीश

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार नीतीश रेड्डी के रिप्लेसमेंट का एलान किया। बोर्ड ने विज्ञप्ति में बताया, 'मेंस सिलेक्शन कमेटी ने जिम्बाब्वे के आगामी दौरे के लिए भारतीय टीम में नीतीश रेड्डी के स्थान पर शिवम दुबे को नॉमिनेट किया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम नीतीश रेड्डी पर नजर रख रही है।' बता दें कि जिम्बाब्वे सीरीज की शुरुआत 6 जुलाई से होगी।

नीतीश का प्रदर्शन

कढछ 2024 में नीतीश रेड्डी के प्रदर्शन की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के इस प्लेयर ने 13 मुकाबलों में करीब 34 की औसत और 143 की स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए थे। गेंदबाजी की बात करें तो नीतीश रेड्डी ने 3 विकेट भी अपने नाम किए थे।

## महाराज में सरप्राइज फैक्टर कहलाना मेरे लिए खुशी की बात: शरवरी

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म महाराज में एक्टर जुनैद खान के साथ काम कर रहीं एक्ट्रेस शरवरी ने कहा कि वह अपने आप को सरप्राइज फैक्टर मानकर खुश हैं। फिल्म में अतिथि भूमिका निभाने वाली शरवरी ने कहा, मैं यह पढकर बहुत रोमांचित हूं कि लोग मुझे महाराज का एक बड़ा सरप्राइज फैक्टर कह रहे हैं।

एक कलाकार के तौर पर मैं अपनी हर भूमिका और फिल्?म के जरिए दर्शकों पर एक खास प्रभाव डालना चाहती हूं, इसलिए मैं किसी फिल्म में सरप्राइज फैक्टर होने के लिए सभी तारीफों को खुशी और विनम्रता से स्वीकार करूंगी।

एक्ट्रेस ने कहा, इस बात का मतलब यह है कि मेरे प्रदर्शन ने एक बड़ा प्रभाव छोड़ा है। मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करती हूं। मैं अपनी हर फिल्?म को कुछ बड़ा और बेहतर करने के तौर पर देखती हूं।

शरवरी बेहद खुश हैं। एक ही महीने में मुंज्या और महाराज रिलीज हुई है।

एक्ट्रेस ने कहा, पेशेवर तौर पर यह महीना मेरे लिए बहुत बढिया रहा है। अपने करियर की दूसरी ब्लॉकबस्टर फिल्म मुंज्या मिलना वाकई में ही एक अद्भुत एहसास है। दिलचस्प बात यह है कि लोगों को फिर से लगा कि मैं फिल्म का सरप्राइज फैक्टर हूं और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

आगे कहा, इसके अलावा महाराज के लिए मुझे जो प्यार मिल रहा है, वह भी एक अविश्वसनीय एहसास है। किसी भी फिल्म में सरप्राइज फैक्टर कहलाना एक बहुत बड़ी तारीफ है।

शरवरी अगली बार मशहूर फिल्म निर्माता निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी फिल्म वेदा में नजर आएंगी।

## बॉक्स ऑफिस पर इश्क विश्क रिबाउंड की कमाई में मामुली बढ़ोतरी

ऋ तिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन, जिबरान खान और नैना ग्रेवाल जैसे सितारों से सजी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को बीते शुक्र्रवार यानी 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है।भले ही इश्क विश्क रिबाउंड ने टिकट खिडकी पर धीमी शुरुआत की हो, लेकिन वीकेंड पर फिल्म की दैनिक कमाई में इजाफा हुआ है।आइए जानते हैं फिल्म ने तीसरे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इश्क विश्क रिबाउंड ने रिलीज के तीसरे दिन 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 3.55 करोड़ रुपये हो गया है।इश्क विश्क रिबाउंड ने 1 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।

## हार्दिक पांड्या ने शुरू की 'तैयारी जीत की', प्रैक्टिस के दौरान किए हवाई फायर

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में भारतीय टीम 2 बार की चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में यह टक्कर 27 जून को रात 8 बजे शुरू होगी। इस मुकाबले की विजेता टीम जहां फाइनल में जगह बनाएगी तो वहीं हारने वाली टीम का सफर वहीं थम जाएगा। ऐसे में दोनों ही टीमें हर हाल में इस मुकाबले को जीतना चाहेंगी।




**हार्दिक पांड्या ने कसी कमर**

भारतीय टीम के उपकप्तान हार्दिक पांड्या ने भी सेमीफाइनल के लिए कमर कर ली है। मुकाबले से पहले उन्होंने जमकर पसीन बहाया। भारतीय ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी का भी अभ्यास किया। हार्दिक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टार ऑलराउंडर लंबे–लंबे छक्के लगाने का अभ्यास कर रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने बल्लेबाजी के बाद बॉलिंग में भी हाथ आजमाया। टूर्नामेंट में हार्दिक फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उन्हें जरूरत पड़ने पर गियर भी बदलना पड़ सकता है।

**हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन**

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक भारतीय ऑलराउंड का प्रदर्शन शानदार रहा है। वह गेंद के साथ–साथ बल्ले से भी उपयोगी साबित हुए हैं। आयरलैंड के खिलाफ हार्दिक ने 3 विकेट चटकाए थे। पाकिस्तान के विरुद्ध उन्होंने 7 रन बनाए थे और 2 शिकार भी किए थे। अमेरिका के खिलाफ पांड्या ने 2 विकेट झटके तो अफगानिस्तान से हुई टक्कर में 3 रन की अहम पारी खेली थी।

## एक नजर

### 1 जुलाई को रिखणीखाल में होगा जन संवाद

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य विनोद नाथ 01 जुलाई को जनपद के भ्रमण पर रहेंगे। उनके द्वारा विकासखंड रिखणीखाल के सभागार में समय 11 बजे से अन्य पिछड़े वर्ग के क्षेत्रीय व्यक्तियों के साथ उनकी समस्याओं के संबंध में जन-संवाद किया जायेगा। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित शिकायतों का अनुश्रवण एवं तहसील, विकासखंड स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ शिकायतों के समाधान हेतु परिसंवाद भी किया जायेगा। सदस्य विनोद नाथ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित तिथि व समय पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये हैं।

### 84 लोगों को मिला पीएम आवास योजना का लाभ

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 84 लोगों को आवास मिल चुके हैं। इसके लिए विकासखंड के कुल 94 पात्र लोगों का चयन किया गया था, जो आर्थिक रूप से कमजोर थे व आवास बनाने में सक्षम नहीं थें। कीर्तिनगर खंड विकास अधिकारी सुमनलता ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत ब्लॉक के 94 लाभार्थियों का चयन किया गया था, जिनमें से पांच ने स्वेच्छा से योजना का लाभ लेने से इंकार कर दिया। अब तक 84 लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के तहत पूर्ण किस्त जारी की जा चुकी है। जबकि 5 लाभार्थियों को दो किस्त जारी की गई है। (एजेंसी)

### पंचायत प्रतिनिधियों को पढ़ाया स्वच्छता का पाढ़

चमोली : नारायणबगड़ विकास खंड के पंती में राज्य जल और स्वच्छता मिशन के तहत आयोजित तीन दिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम पेयजल समितियों एवं स्वच्छता समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया है। इस अवसर पर नारायणबगड़ न्याय पंचायत के विभिन्न गांवों से लोग मौजूद रहे। नारायणबगड़ प्रखंड के न्याय पंचायत नारायणबगड़ के पंती में जल जीवन मिशन के तहत जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों,ग्राम पेजयल समितियों एवं स्वच्छता समितियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया है। तीन दिनों के चले इस प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गठित की गई समितियों के गठन और समितियों के कार्य पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर देवराज भट्ट, नवीन भट्ट, बालेन्दु जोशी, एडीओ पंचायत सुरेश रमोला,व्यापार संघ अध्यक्ष जयवीर कंडारी, पंती गांव के प्रधान रमेश गुसाईं, गुड्डी देवी, कर्ण सिंह कंडारी, नीरज बरमोला, संजय कंडारी, मोहन पंवार, जय सिंह नेगी, जयपाल बुटोला, गजेंद्र परिहार, मानवेंद्र नेगी, आशुतोष डिमरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

### सीईओ ने किया शिक्षकों और छात्रों को सम्मानित

चमोली : डायट गौचर में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्टी में विकासखंड़ के पांच अध्यापकों और विद्यार्थियों को सीईओ कुलदीप गैरोला के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राउप्रावि सारकोट के प्रधानाअध्यापक जगदीश राज ने बताया कि राप्रावि चौरासैंण के मुकेश नेगी, राप्रावि मलेठी के राजेन्द्र नेगी, राप्रावि मरोड़ा की रंभा शाह, राउप्रावि सारकोट के जगदीश राज, राउप्रावि सलियांणा की सरोज शाह को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान ने पुरस्कृत किया गया। वही राउप्रावि सारकोट में अध्यनरत कक्षा सात की छात्रा मीनाक्षी व प्रियांशु नेगी को गौचर डायट में सीईओ चमोली कुलदीप गैरोला, सीईओ रूद्रप्रयाग पीके बिष्ट, एचएनबी गढवाल विवि के प्रो.दाता राम पुरोहित व डायट प्राचार्य आकाश सारस्वत की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। (एजेंसी)

# अभियान के नाम पर खानापूर्ति, नासूर बनता जा रहा अतिक्रमण

## गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगातार बढ़ रहा सड़कों पर अतिक्रमण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भले ही सरकारी सिस्टम शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दावे कर रहा हो। लेकिन, हकीकत यह है कि शहर में लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण जनता के लिए नासूर बनता जा रहा है। सड़कों पर सजी दुकानों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। अभियान के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जा रही है। सबसे बुरी स्थिति स्टेशन रोड पर बनी हुई है। वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग नहीं मिलने से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।



कोटद्वार के स्टेशन रोड में अतिक्रमण कर सड़क पर सजी दुकानें

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में अतिक्रमण नासूर बनता जा रहा है। अधिकांश व्यापारियों ने आधी सड़क तक अपनी दुकानें सजाई हुई हैं। बावजूद इसके सरकारी सिस्टम का ध्यान केवल गोखले मार्ग में रेहड़ी-ठेली तक ही सिमटा हुआ है। गोखले मार्ग से बाहर अन्य सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के लिए कोई योजना तक नहीं बनाई गई। स्टेशन रोड पर वाहनों का सबसे अधिक दबाव होता है। इसके बाद भी उक्त रोड पर वर्तन व कपड़ा व्यापारियों ने आधी दुकान पर कब्जा जमाया हुआ है। यही स्थिति देवी रोड में भी देखने को मिल रही है। जहां राहगीरों के पैदल चलने तक का रास्ता नजर नहीं आ रहा। बची कसर रेहड़ी-ठेली वालों ने पूरी कर दी है। नजीबाबाद रोड, पटेल मार्ग, बदरीनाथ मार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों पर हालात प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं।

### सड़क पर वाहनों की मरम्मत

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 70 से अधिक गैराज संचालित हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश गैराज राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मुख्य मार्गों पर ही संचालित हो रहे हैं। सड़क पर मरम्मत के लिए खड़े वाहनों के कारण शहर की यातायात व्यवस्था भी बेपटरी होती जा रही है। अव्यवस्था के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

# निरोग रहने के लिए जीवन में अपनाएं योग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : महाविद्यालय के समीप नगर वन में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग शिक्षकों ने साधकों को योग से निरोग रहने का संदेश दिया। कहा कि हमें प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करना चाहिए।

भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि किसान सेवा समिति व पतंजलि युवा भारत के सहयोग से महाविद्यालय के समीप स्थित नगर वन में योग शिविर का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय योग शिविर के दौरान योग शिक्षकों ने साधकों को योग के महत्व के बारे में बताया। कहा कि योग को जीवन में अपनाने से हम स्वस्थ शरीर प्राप्त कर सकते हैं। हमें प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करना चाहिए। योग से रक्तचाप, मधुमेह, कमर का दर्द, हाथ-पैरों का दर्द ठीक करने के भी तरीके बताए गए। शिविर के दौरान आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आगे आने की अपील की गई। कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाना चाहिए।

शिक्षकों ने शिविर में मिलने वाली जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की। कहा कि हमारा उद्देश्य योग को घर-घर पहुंचाना है। इसके लिए लगातार निःशुल्क योग शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य भगवती प्रसाद, जिला प्रभारी दिनेश जुयाल, चंद्र सिंह असवाल, ऊषा सजवाण, ममता भंडारी, जयप्रकाश रावत, विपुल उनियाल, रजनी भंडारी, अनीता पसबोला, अनिल आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर शिवानंद नौटियाल को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षा एवं पर्वतीय विकास मंत्री रहे शिवानंद नौटियाल की 87वीं जयंती उनके पैतृक गांव कोठला-सैंजी में मनाई गई।

इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बुधवार को उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र नौटियाल ने कहा कि डा. नौटियाल ने अपने मंत्री कार्यकाल के दौरान कई इंटर कालेज और डिग्री कालेज के अलावा सड़कों का निर्माण कर पहाड़ी क्षेत्रों में विकास की एक मजबूत बुनियाद स्थापित की। कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पेयजल, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर उन्होंने हमेशा मिशन के रूप में कार्य किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

यही वजह है कि वे आज भी आमजन के बीच लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते हैं।

वहीं, गढ़वाल मंडल बहुउदेशीय सहकारी समिति में सचिव रमेशचंद्र उप्रेती व अन्य कर्मचारियों द्वारा उनको श्रद्धांजलि दी गई।

उनके पैतृक गांव में श्रद्धांजलि देने वालों में संजय नौटियाल, कांता प्रसाद, नंद राम, शैलजा नौटियाल, मीना देवी, मोहित नौटियाल, शिवांशु नौटियाल, कमला देवी, प्रिया नौटियाल आदि शामिल रहे।

### लैंसडौन में होगा फिल्म का प्रीमियर

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सैन्य पृष्ठभूमि पर आधारित अनुपम खेर की फिल्म तन्वी दि ग्रट का प्रीमियर लैंसडौन में किया जाएगा। फिल्म में लैंसडौन के मनमोहन दृश्यों को भी दर्शाया गया है। फिल्म निर्माता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर यह बात साझा की है। निर्माता निर्देशक अनुपम खेर की फिल्म तन्वी दि ग्रेट के कुछ दृश्यों की शूटिंग हाल ही में दिल्ली व मुंबई में हुई थी। बताया जा रहा है कि फिल्म के अंतिम कुछ दृश्यों की शूटिंग लेह लद्दाख के आसपास होनी है।

इसी बीच फिल्म निर्माता निर्देशक अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक जानकारी साझा की है, जिसमें बताया गया है कि फिल्म का प्रीमियर सैन्य नगरी लैंसडौन में होना है। गौरतलब है कि लैंसडौन में फिल्म की शूटिंग बीते 7 मार्च से 16 अप्रैल तक चली थी। फिल्म में अनुपम खेर, जैकी श्राफ, शुभांगिनी दत्ता, अनंग देसाई, बोमेन ईरानी, पल्लवी जोशी हैं। फिल्म में 100 से अधिक स्थानीय कलाकारों को भी काम करने का मौका मिला है।

# शरीर के साथ परिवारों को भी बर्बाद करता है नशा

## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोध दिवस पर पुलिस ने चलाया अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर कोटद्वार पुलिस की ओर से क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस ने नशे का सेवन करने वाले लोगों की काउंसलिंग कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी बताया। साथ ही युवाओं को भी नशे से दूर रहने की सीख दी गई। कहा कि नशा शरीर के साथ ही परिवारों को भी बर्बाद कर देता है।

बुधवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। पुलिस ने पूर्व में नशे के आदि व्यक्तियों को कोतवाली में बुलाकर उनकी काउंसलिंग करवाई। साथ ही चिकित्सकों की टीम ने व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। कहा कि नशा शरीर के साथ ही परिवार के लिए भी घातक है। नशे के कारण आज कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। इसके उपरांत पुलिस ने क्षेत्र के स्कूलों में पहुंचकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर अपने बेहतर भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। क्षेत्र में यदि कोई भी अवैध नशे का कारोबार करता है तो उसकी शिकायत तुरंत पुलिस को दें। कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस की विशेष टीम भी बनाई गई है।




स्कूली बच्चों के साथ मिलकर अभियान चलाती कोतवाली पुलिस

# तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर, मौत



जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राष्ट्रीय राजमार्ग बुद्धापार्क के समीप गिवईस्त्रोत में घर के समीप सड़क पर टहल रही एक महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

बुधवार सुबह गिवईस्त्रोत निवासी विमला देवी (60) अपने घर के समीप सड़क पर टहल रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में बाइक सवार संगलाकोटी निवासी रोहित सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क पर बढ़ रहे बाइकर्स

शहर की सड़कों पर लगातार बाइकर्स का आतंक बढ़ता जा रहा है। तेज रफ्तार में बाइक चला रहे यह युवा राह चलते लोगों की जिंदगी लील रहे हैं। चौकाने वाली बात तो यह है कि यातायात सुधारने का दावा करने वाली पुलिस भी इन बाइकर्स पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। बुधवार को जहां एक तेज रफ्तार बाइक ने बुजुर्ग महिला की जिंदगी लील ली। वहीं, इससे पूर्व भी तेज रफ्तार बाइकर्स कई लोगों को असमय काल का ग्रास बना चुके हैं।

### श्रीनगर में जल्द शुरू होगा दो बसों का संचालन : एसडीएम

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम के विकास कार्यों और नगर क्षेत्र में सीटी बस के संचालन को लेकर बुधवार को उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने नगर निगम में पानी, सीटी बस के संचालन करने को कहा।

उपजिलाधिकारी/नगर आयुक्त नुपूर वर्मा ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्थानीय लोगों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जल्द ही नगर क्षेत्र में दो बसों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलियासौड़ से मलेथा तक और ऋषिकेश बस अड्डे से गंगा दर्शन तक सिटी बस का संचालन किया जाएगा। नगर में मलेथा, कीर्तिनगर पुल के पास, एनआईटी के पास, चुंगी, विवि गेट जैसी जगहों पर बस के लिए स्टॉपेज रखा जाएगा। बस में बुजुर्गों ,महिलाओं और दिव्यांगों के लिए सीटें आरक्षित होंगी। कहा कि नगर निगम जल्द ही नगर वासियों को सीटी बस की सुविधा को मुहैया कराएगा। जिसको लेकर उपजिलाधिकारी ने आरटीओ और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं लावारिस पशुओं के लिए बन रही गोशाला में पानी की व्यवस्था के लिए भी जल संस्थान के ईई को जल्द ही गोशाला के लिए पानी व्यवस्था करने को निर्देशित किया।

# चर्च की स्वर्ण जयंती पर दिया भाईचारे का संदेश

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कालागढ़ भिक्कावाला स्थित सेंट मेरीस चर्च की स्वर्ण जयंती धूमधाम से मनाई गई। बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान इसाई समुदाय के लोगों ने समाज में भाईचारे का संदेश देने का भी संकल्प लिया। कहा कि गरीब व असहाय लोगों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।

बुधवार को स्वर्ण जयंती पर बिजनौर डायसिस के बिशप विंसेंट नल्लाईपरमबिल व पूर्व बिशप जोन बडकेल, फादस जार्ज, फादर डेविस, फासद फ्रांसिस ने विशेष प्रार्थना करवाया।

उन्होंने इसाई समुदाय के लोगों को समाज में भाईचारे का संदेश फैलाने का संदेश दिया। कहा कि बाइबिल हमें समाज के हर गरीब व असहाय की मदद करने की सीख देती है।

प्रार्थना सभा के उपरांत चर्च में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने नृत व मधुर गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की आरे से सफलता की यात्रा नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

इस मौके पर पूर्व बिशप जोन वडकेल, पूर्व विधायक व राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चैयरमैन शेख सुलेमान, नगर पालिका अध्यक्ष विकार अहमद, करूणा समाज सेवा संस्था के पीटर, सेंट मेरीस स्कूल के शिक्षक अथहर महमूद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय तहसीलदार कोटद्वार गढ़वाल**
**मु0 प्रार्थनापत्र संख्या- 289/ 2022-2023**

श्री जगत सिंह, श्री बलवन्त सिंह पुत्र स्व0 भीम सिंह निवासी ग्राम पदमपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल

**प्रार्थीगण/क्रेतागण**
**-बनाम-**

आनन्द सिंह पुत्र कुन्दन सिंह निवासी ग्राम पदमपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल - विक्रेता

समन बनाम - 1- तुलाराम, 2- चक्रधर, 3- हरिमोहन, 4- ललित मोहन पुत्रगण स्व0 जोगेश्वर प्रसाद समस्त निवासीगण ग्राम पदमपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

चूंकि उपरोक्त प्रार्थीगण/क्रेतागण ने एक प्रार्थनापत्र इस आशय का मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है कि प्रार्थीगण ने श्री आनन्द सिंह पुत्र कुन्दन सिंह से ग्राम पदमपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल के साबिक खतौनी खाता संख्या- 62, हाल खतौनी खाता संख्या-49 के खेत संख्या-41 मध्ये एक बीघा 14 विश्वा याने 0.100 है0 भूमि दिनांक 14-06-1993 को पंजीकृत विक्रयपत्र के द्वारा खरीद की थी और दा0खा0 वाद संख्या-232/1992-93 में पारित आदेश के अनुसार प्रार्थीगण/क्रेतागण के नाम पर उक्त भूमि का दा0खा0 स्वीकृत हुआ और हाल खतौनी में प्रार्थीगण/क्रेतागण के नाम दर्ज नहीं है। चूंकि उपरोक्त आनन्द सिंह पुत्र कुन्दन सिंह ने उक्त भूमि आप नोटिस प्रेषितीगण के पिता जोगेश्वर प्रसाद पुत्र घनश्याम से खरीद की थी, इसलिए आप नोटिस प्रेषितीगण के हक से उक्त एक बीघा 14 विश्वा भूमि खारिज कर प्रार्थीगण/क्रेतागण के नाम पर दा0खा0 दर्ज किये जाने बावत प्रेषित किया है। लिहाजा आप नोटिस प्रेषितीगण को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना के अनुसार नोटिस प्रकाशित होने के सात दिन 03/07/2024 के अन्दर मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन अपना पक्ष प्रस्तुत करें। वाद प्रकाशित सूचना के अन्दर आप नोटिस प्रेषितीगण के द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 26-06-2024 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कोटद्वार गढ़वाल**

(0232/19)

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस पर राड्स संस्था ने निकाली रैली

नई टिहरी : जिला मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर राड्स संस्था ने बुधवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली को हरी झंडी दिखाकर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने रवाना किया। रैली रवाना करने से पहले विधायक ने सभी को नशा नहीं करने को लेकर शपथ दिलाई और सभी से नशे के विरुद्ध काम करने की अपील की।

नशे को लेकर टिहरी पुलिस ने जिला मुख्यालय में जहां शपथ दिलाई गई, वहीं मुनिकीरेती पुलिस ने बाइक रैली का आयोजन किया। जिला मुख्यालय पर राड्स संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली नई टिहरी के मुख्य मार्गों से होते हुए बौराड़ी तक आयोजित की गई। रैली में बैनरों, तख्तियों व नारों की मदद से जागरूकता का संदेश देते हुए नशे से होने वाले नुकसानों को बताया गया। रैली की अगुआई करते हुए संस्था की कुंभी बाला भट्ट और रंजीता थपलियाल ने कहा कि समाज में नशा निरंतर युवाओं को खोखला करने का काम कर रहा है। जिसे रोकना जरूरी है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय ड्रग दिवस पर पुलिस कार्यालय टिहरी में एएसपी जेआर जोशी ने कार्यालय में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित निर्देश देते हुए सभी को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। थाना मुनिकीरेती के तहत सीओ अस्मिता ममगांई ने बाइक रैली को तपोवन तिराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में प्रभारी निरीक्षक रितेश साह, निरीक्षक यातायाा नदीम अतहर, संदीप तोमर, राजेंद्र रावत, चौकी प्रभारी ढालवाला आशीष शर्मा, एसआई दीपिका तिवारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पहाड़ में हुई बारिश, मालन नदी का चढ़ा जलस्तर

● मालन नदी का पुल ढहने के बाद से लगातार हो रही है परेशानी ● नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों ने मवाकोट-कण्वाश्रम मार्ग से की आवाजाही

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मालन पुल को टूटे हुए 11 माह से अधिक का समय हो चुका है। लेकिन, अब तक मरम्मत कार्य पचास प्रतिशत भी नहीं हो पाया है। नतीजा इस वर्ष फिर बरसात ने भाबर वासियों की समस्याएं बढ़ानी शुरू कर दी है।

अब तक धराशायी पुल के समीप से ही वैकल्पिक मार्ग तैयार कर आवाजाही की जा रही थी। लेकिन, बुधवार को अचानक बढ़े नदी के जलस्तर ने उक्त वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही पर विराम लगा दिया। ऐसे में लोगों को लंबा घूमकर मवाकोट-कण्वाश्रम मार्ग से आवागमन करना पड़ा। लेकिन, इस मार्ग की स्थिति भी ठीक नहीं है। मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे आमजन की कमर तोड़ रहे हैं।

13 जुलाई को कोटद्वार से भाबर को जोड़ने वाला मालन नदी पर बना पुल धराशायी हो गया था। पुल टूटने के बाद भाबर क्षेत्र में रहने वाली करीब पचास हजार की आबादी प्रभावित हो गई थी। सरकारी सिस्टम ने आनन-फानन में मवाकोट-कण्वाश्रम मार्ग को आवागमन के लिए तैयार किया। लेकिन, उक्त मार्ग पर भी कई चुनौतियां थी। बदहाल मार्ग आवागम करने वालों के लिए मुसीबत बन रहा था। साथ ही यह काफी लंबा भी पड़ रहा था। ऐसे में लोक निर्माण विभाग ने धराशायी पुल के समीप ही नदी में वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया। लेकिन, वर्तमान में हो रही बारिश से नदी में वाहन उतारना भी खतरे से खाली नहीं है। पहाड़ों में हो रही बारिश से नदी कभी भी उफान पर बन रही है। बुधवार दोपहर पहाड़ों में हो रही बारिश से नदी का जल स्तर बढ़ गया था। ऐसे में लोगों को मवाकोट-कण्वाश्रम से आवागमन करना पड़ा। भाबर वासियों का आरोप है कि वह पिछले कई माह से पुल मरम्मत कार्य में तेजी लाने की मांग उठा रहे थे। लेकिन, सरकारी सिस्टम कछुआ चाल से मरम्मत कार्य में जुटा हुआ है। ऐसे में इस वर्षाकाल में भी लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।



पहाड़ में बारिश होने से मालन नदी में बढ़ा जलस्तर

# राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें भवान सिंह रावत



जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा, भारत का दो दिवसीय 17वां राष्ट्रीय सम्मेलन जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न प्रदेशों आये कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर महासभा की नई कार्यकारिणी का चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी मनमोहन दुदपुडी और श्रीमती राधा बिष्ट एवं मोहन जोशी की देखरेख में करवाया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान एवं धर्मानंद रतूड़ी, राष्ट्रीय महासचिव जनार्दन बुटाकोटी, राष्ट्रीय सलाहकार वीरेंद्र दत्त सेमवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजेंद्र पवांणी, राष्ट्रीय प्रवक्ता महावीर सिंह पुण्डीर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जीवन सिंह ताड़ागी चुने गए।

### टॉल पर लकड़ियां नही मिलने पर भड़के लोग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति द्वारा शहर में स्थित वन विकास निगम के टॉल पर अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां नही मिलने पर आक्रोश जताया। बुधवार को समिति ने वन विकास निगम के प्रभागीय लौंगिग अधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या के हल की मांग की।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी, अनिता रावत, मकान सिंह, पदमेंद्र बिष्ट, ठाकुर सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

### व्यंजन प्रतियोगिता 7 जुलाई को

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आह्वान संस्था की ओर से शहर में सात जुलाई को विभिन्न महिला समूहों की ओर से बनाए गए पहाड़ी व्यंजन की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 5 जुलाई तक निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के माध्यम से महिला समूह प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।आह्वान संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल ने बताया कि 7 जुलाई को सभी महिला समूहों के लिए मास्टर सेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया कि प्रतिभागी समूहों को अपने घर से ही दो प्रकार के पहाड़ी व्यंजन बनाकर लाने होंगे। जिसमें व्यंजन, स्टॉल व प्रेजेंटेशन की सजावट की जिम्मेदारी महिला समूह की होगी। बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा पहाड़ी व्यंजन का स्वाद लेकर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला समूह का निर्णय लिया जाएगा। सभी प्रतिभागी समूह को संस्था की ओर से सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। बताया कि प्रतियोगिता नगर पालिका के डमरु हाल में की जाएगी।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित ई-निविदा सं0 03/EDDN/2024-25 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 01.07.2024 को 16.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई-निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 02.07.2024 को 12.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई-निविदा प्रपत्र आनलाइन और ऑफलाइन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 02.07.2024 को समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता,
वि०वि० खण्ड, नैनीडांडा

पत्रांक : 210/विविखनै/टी-6 दिनांक : 26.06.2024

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## एक नजर

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म के आरोप में मजदूर को भेजा जेल

चमोली : जोशीमठ क्षेत्र के एक गांव में रहकर मजदूरी करने वाले बिहार मूल के एक व्यक्ति बच्ची के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की मां की शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। जोशीमठ पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला अपने परिवार के साथ नेपाल से यहां आकर मजदूरी कर रही है। मंगलवार को महिला जब घर लौटी तो बच्ची उसे घर में डरी सहमी दिखी। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि आरोपी उसके साथ गलत हरकते करता है। कोतवाल राकेश चन्द्र भट्ट ने बताया कि बुधवार को पोक्सो एक्ट व अन्य संगत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। (एजेंसी)

### शिवानंद नौटियाल को जन्म दिवस पर किया याद

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में डॉ. शिवानंद नौटियाल के जन्म दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित कर याद किया गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमएस कंडारी ने कहा कि डॉ. शिवानंद नौटियाल का शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. कीर्तिराम डंगवाल, जेएस रावत, एसएल मुनियाल व महाविद्यालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### परिजनों ने बाहर आने जाने पर डांटा तो घर से भाग गईं दो किशोरियां

देहरादून। परिजनों ने दो किशोरियों को घर के बाहर घूमने के समय आपत्ति जताते हुए हल्की डांट लगा दी। इसके बाद दोनों घर से भाग निकलीं। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई तो पुलिस ने दोनों को सूचना मिलने के 12 घंटे के भीतर सहानपुर जिले के मिर्जापुर थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि एक युवक ने तहरीर दी। बताया कि उसकी 16 वर्षीय बहन और बहन की 14 वर्षीय दोस्त मंगलवार को शाम पांच बजे घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली। इसके बाद देर रात तक घर वापस नहीं लौटी। दोनों के लापता होने का केस दर्ज किया गया। सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ आसपास के जिलों में सूचना दी गई। इस दौरान दोनों को सहानपुर जिले के मिर्जापुर में घूमते देखे जाने का पता लगा। एसएसआई रायपुर गुमान सिंह नेगी के साथ पुलिस टीम वहां पहुंची। वहां से दोनों को बरामद कर दून लाया गया। एसओ कुंदन राम ने बताया कि इस दौरान दोनों ने परिजनों से नाराज होने पर घर जाने की बात कही। पुलिस ने दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ छात्रों ने निकाली रैली

देहरादून। अंतराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध दिवस के मौके पर बुधवार को दून में नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ रैली निकाली। गांधी पार्क से शुरू हुई रैली में शहर के कई स्कूलों के छात्र शामिल हुए। रैली का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति और सजग इंडिया ने किया। जागरूकता रैली घंटाघर होते हुए वापस गांधी पार्क पर पहुंची। जहां छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, कविताओं और पोस्टर के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों को लेकर भी जागरूक किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत ने कहा कि बच्चों का रुझान खेलों की ओर बढ़ाना होगा। नशे के साथ–साथ मोबाइल की खतरों से उन्हें जागरूक करना होगा। मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने कहा कि वह पिछले 15 साल से नशे के खिलाफ जन–जागरूकता अभियान चला रहे। अब तक सात लाख से अधिक युवाओं से संवाद कर चुके हैं।

### नगर निगम में सफाई कर्मचारी यूनियन का चुनाव हो

देहरादून। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नगर निगम देहरादून में सफाई कर्मचारी यूनियन का चुनाव करवाने और चुनाव अधिकारी नामित करने की मांग की है।

पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम देहरादून के सफाई कर्मचारी यूनियन के चुनाव करवाने को लेकर इसी साल 20 जनवरी को नगर आयुक्त का पत्र लिखा गया था। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को चुनाव करवाने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन आज तक चुनाव नहीं हो पाए।

# पहाड़ में माइक्रो इंडस्ट्री डेवलप करने पर गंभीरता से कार्य करें उद्योग विभाग : डीएम

### इकोनॉमी जनरेशन, एसेट्स निर्माण और आउटकम आधारित एप्रोस से लोनिंग प्रदान करें बैंकर्स

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने उद्योग विभाग में नियुक्त नये कार्मिकों को पहाड़ में माइक्रो इण्डस्ट्री डेवपल करने पर गंभीरता से कार्य करने, बैंकर्स को इकोनॉमी जनरेशन, एसेट्स निर्माण और आउटकम आधारित एप्रोस से लोनिंग प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट में डेवलप हो रहे नये क्षेत्र, कलस्टर निर्माण हेतु चिन्हित की गई गोट वैली, कृषि और ग्रामीण रोजगारपरक सैक्टर्स को प्राथमिकता दें। इस मौके पर डीएम ने रोजगारपरक योजनाओं में बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले बैंकर्स और रेखीय विभागों को सम्मानित किया।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी जनपद स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स और लाइन डिपार्टमेंट को निर्देशित किया कि जितनी भी लोनिंग स्कीम हैं उसमें इकोनॉमी जनरेशन, एसेट निर्माण और कुछ-न-कुछ आउटकम प्राप्त होना ही चाहिए, इस बात का ध्यान रखें कि इसमें कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार मुख्य फोकस में होना चाहिए। लोनिंग वाली स्कीम के अन्तर्गत जो पैसा जिस कार्य के लिए दिया जाता है वह पैसा उसी कार्य में लगे तथा उससे कुछ-न-कुछ ऐसेट्स या स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधार होना चाहिए। उन्होंने पर्यटन विभाग और बैंकर्स को मिलकर टूरिस्ट में डेवलप हो रहे ऐसे नये क्षेत्रों में पर्यटन की योजनाओं को फोकस करने को कहा जहां से प्रदेश की और स्थानीय आर्थिकी में बढ़ोतरी संभव हो सके।

जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि नाबार्ड द्वारा गोट वैली डेवलपमेंट के लिए चिन्हित किये गये कलस्टर को ग्रो करने के लिए तारगेट अनुरूप कार्य करें। केनरा बैंक द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने तथा केनरा बैंक और बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लाभार्थी रोजगारपरक योजनाओं में अधिक आवेदन रिजेक्ट करने के चलते जिलाधिकारी ने दोनों बैंकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही मुख्य कृषि अधिकारी और सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए को इंफ्रा-एग्री स्कीम के अंतर्गत वितरित किये गये लोन की जांच करने के निर्देश दिये।

### बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित

विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने पर जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक सहकारिता बैंक कोटद्वार, क्षेत्रीय प्रबंधक ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, महाप्रबंधक उद्योग, पर्यटन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी पौड़ी व वित्त समन्वयक एनआरएलएल व सहायक लीड बैंक अधिकारी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बैठक में आगामी समय में सेवानिवृत्त होने जा रहे लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी ने उनकी विनम्रता और जनहित के कार्यों के प्रति लगनता की प्रशंसा करते हुए उनको सेवानिवृत्ति की अग्रिम शूभकामनाएं देते हुए कहा कि आपको सेवानिवृत्ति पश्चात भी राष्ट्र और समाज में अपनी सकारात्मक ऊर्जा से योगदान देना चाहिए।

# कांग्रेस ने भंडारी तो भाजपा ने वरिष्ठ नेता रावत को किया निष्कासित

चमोली : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस सदस्य रजनी भंडारी समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश भंडारी और पोखरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित किया है। बता दें रजनी भंडारी बदरीनाथ विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह भंडारी की धर्मपत्नी हैं और चमोली जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। उधर, भाजपा ने वरिष्ठ नेता हरि सिंह रावत को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी और चमोली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश ने इसकी पुष्टि की है। जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने बताया कांग्रेस पीसीसी सदस्य रजनी भंडारी, हरीश भंडारी और पोखरी के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है। उधर, भाजपा ने वरिष्ठ नेता हरि सिंह रावत को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा के जिला महामंत्री ने कुलदीप वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर हरि सिंह रावत पर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार करने की जानकारी मिल रही थी। (एजेंसी)

### कूड़ा डम्पिंग जोन हटाने की उठाई मांग

चमोली : देवराड़ा के ग्रामीणों ने थराली नगर पंचायत की वन भूमि दर्जा दो से कूड़ा डम्पिंग जोन हटाने की मांग की है। बुधवार को ग्रामीणों ने नगर पंचायत क्षेत्र से लाया कूड़ा भी यहां नहीं डालने दिया और कूड़ा वाहन को वापस भेज दिया। बुधवार को नगर पंचायत थराली के अन्तर्गत देवराड़ा के ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर बैठक की। बैठक में कूड़ा डम्पिंग जोन अन्य स्थान पर बनाए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

# बूढ़ाकेदार में अस्कोट-आराकोट का दल का किया भव्य स्वागत

नई टिहरी : अस्कोट-आराकोट पदयात्रियों का बुधवार को बूढ़ाकेदार पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया है। प्रसिद्ध सर्वोदयी संस्था लोक जीवन विकास भारती में प्रो. शेखर पाठक और उनके साथ आए पदयात्रा दल की एक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने बताया कि वे 25 मई से पिथौरागढ़ के अस्कोट से पैदल यात्रा पर निकले हैं। अभी बूढ़ा केदार तक लगभग 1100 किमी. तक पैदल यात्रा करके पहुंचे हैं। यह यात्रा सन 1984 में पहली बार हुई थी। हर 10 साल बाद चलने वाली इस पदयात्रा के 50 साल पूरे होने के बाद छठवीं यात्रा इस बार हो रही है। इन पदयात्राओं के अनुभवों के आधार पर अनेक जानकारियां विभिन्न दस्तावेज और साहित्यों के रूप में प्रकाशित किये गये है। बैठक में डॉ. गिरिजा पांडे और डॉ. अरुण कुकसाल ने बूढ़ाकेदार तक पहुंचे विभिन्न अनुभव साझा किये हैं। इस अवसर पर सुरेश भाई ने स्व. बिहारी लाल उनके द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। लोक जीवन विकास भारती के मंत्री जयशंकर नगवान ने पद यात्रियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिह्न भी भेंट किया है। इस मौके पर ज्वालामुखी मंदिर समिति के अध्यक्ष बचल सिंह रावत, पूर्व क्षेपंस हिम्मत सिंह रौतेला, जयप्रकाश राणा, पूर्व प्रधान धीरेंद्र प्रसाद नौटियाल, किशोरी लाल नगवान, विमला देवी, बिजोरा देवी, अनीता, अंजु, क्षेपंस अव्वल छनवान, बावन सिंह बिष्ट, ज्वालामुखी मंदिर समिति के अध्यक्ष बचल सिंह रावत, सतीश बंगरवाल, अनंतानंद, दयाराम, विष्णु, चंद्रवीर नगवान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ कराने की उठाई मांग

नई टिहरी : देवप्रयाग ब्लॉक के जन प्रतिनिधियों ने बुधवार को प्रभारी बीडीओ वीरेंद्र कठैत के माध्यम ने पीएम और सीएम को ज्ञापन भेजकर राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ करवाये जाने की मांग की। साथ ही कोरोना काल के दो वर्षों को वर्तमान पंचायतों के कार्यकाल से नहीं जोड़े को कहा। पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार उनके पांच वर्ष के कार्यकाल में विकास कार्यों के लिए महज तीन वर्ष ही बजट मिल पाया।

जिससे गांवों की अनेक योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पायी। जन प्रतिनिधियों ने मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर एक जुलाई से जिला मुख्यालय आंदोलन शुरू किये जाने की चेतावनी दी है। ब्लॉक प्रमुख सूरज पाठक की अगुवाई में ब्लॉक के चार जिला पंचायत व 37 क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित 104 ग्राम प्रधानों द्वारा ज्ञापन प्रेषित किया।

# मॉडल बूथों पर तैनात कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया

चमोली : विधानसभा उप चुनाव में 2 मॉडल बूथ व 2 यूनिक बूथ, 1 महिला बूथ, 1 दिव्यांग बूथ व 1 युवा बूथ बनाया जाएगा। जिसमें महिला बूथ पर महिला कार्मिकों, दिव्यांग बूथ पर दिव्यांग कार्मिक व युवा बूथ पर युवा कार्मिकों की तैनाती की गयी है।

विधानसभा उप चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर बुधवार को पीजी कालेज में मॉडल बूथों पर तैनात कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमें मॉडल बूथों के 14 व सामान्य बूथ के 3 कार्मिकों सहित कुल 17 मतदान कार्मिकों को मतदान का सामान्य प्रशिक्षण व ईवीएम का सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारियों को उनके कार्य व दायित्वों के साथ-साथ मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों की पैकिंग से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं ईवीएम के व्यवहारिक प्रशिक्षण में मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू व वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गयी। इस दौरान, सहायक नोडल ट्रैनिंग आनन्द सिंह, अभिनव नौटियाल, एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, खीम सिंह कंडारी, जयवीर रावत मौजूद रहे। (एजेंसी)




### मॉडल बूथों पर मिलेगी विशेष सुविधाएं

मॉडल बूथों पर जहां शुद्ध पेयजल, सेल्फी प्वाइंट, व्हील चेयर तथा मतदान करने वाले लोगों को बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी है।

प्राथमिक विद्यालय गोपेश्वर गांव कक्ष संख्या 01 व प्राथमिक विद्यालय अल्कापुरी को मॉडल बूथ, राईका गोपेश्वर को महिला बूथ, प्राथमिक विद्यालय कुण्ड कक्ष संख्या 01 को दिव्यांग बूथ, प्राथमिक विद्यालय पोखरी को युवा बूथ व प्राथमिक विद्यालय परसारी व प्राथमिक विद्यालय डुमक को युनिक बूथ बनाया गया है।

# बालीवुड फेम गायक सोनू निगम ने लिया बाबा केदार का आशीर्वाद

रुद्रप्रयाग : बालीवुड फेम गायक सोनू निगम ने बुधवार को केदारनाथ पहुंकर भगवान केदारनाथ के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ के पुजारी शिवशंकर लिंग से भी मुलाकात की। उन्होंने कई प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।



बुधवार को बालीवुड गायक सोनू निगम सुबह सवा 7 बजे हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने परिवारजनों के साथ केदारनाथ मंदिर में दर्शन किए। सोनू निगम का केदारनाथ धाम में हेलीपैड पर तीर्थयात्रियों ने स्वागत किया। कई यात्री एवं प्रशंसक उनसे बातचीत को लेकर उत्सुक दिखे। सोनू निगम हेलीपैड से पैदल चलते हुए केदारनाथ मंदिर पहुंचे। पहले मंदिर को बाहर से प्रणाम किया। यात्रियों वाली लाइन में ही लगकर उन्होंने मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने भगवान शिव की अराधना की तथा जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में बदरी-केदार मंदिर समिति प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी ने बालीवुड हस्ती को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। साथ ही उनका स्वागत किया। (एजेंसी)

### फंसे चार ट्रैकरों को एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला

रुद्रप्रयाग : त्रियुगीनारायण-पवाली कांठा ट्रैक में फंसे चार ट्रैकरों को एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित निकाल दिया है। मंगलवार को यह चारों ट्रैकर बारिश और अंधेरा होने के कारण रास्ता भटक गए थे। कोतवाली सोनप्रयाग से सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ ने रात में ही रेस्क्यू शुरू किया और पर्यटकों को सुरक्षित निकालने में कामयाबी पाई।

मंगलवार रात को कोतवाली सोनप्रयाग द्वारा एसडीआरएफ को सूचना दी गई कि त्रियुगीनारायण से पवाली कांठा ट्रैक पर चार ट्रैकर बारिश और अंधेरा होने के कारण रास्ता भटक गए हैं। इन ट्रैकरों ने मदद की गुहार लगाई है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम तत्काल रेस्क्यू के लिए रवाना हुई। एसआई आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए सोनप्रयाग से रात में ही ट्रैक को प्रस्थान किया।

# भारत मानक ब्यूरों ने दी जानकारी



नई टिहरी : चंबा ब्लाक सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो के तहत ग्राम पंचायत संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीआईएस के ज्ञान साधन प्रसारण अधिकारी आशीष वर्मा ने ग्राम का विकास मानकों के अंतर्गत बीआईएस की मानकीकरण, आईएसआई मार्क, सीआरएस मार्क, प्रयोगशाला कार्य, हॉल मार्किंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी बीआईएस की गतिविधियों और बीआईएस केयर एप्लिकेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन जानकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सचित्र प्रदर्शन भी करके दिखाया। भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुधीर बहुगुणा ने किया। इस मौके पर शशांक वर्मा सहित तमाम प्रधान और ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# डीएम सोनिका ने किया नगर निगम के सभी पटलों का औचक निरीक्षण

देहरादून। जिलाधिकारी एवं प्रशासक सोनिका ने बुधवार को नगर निगम के सभी पटलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 51 कर्मचारी पटल से नदारद मिले, डीएम ने सभी कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगाने के निर्देश दिए। औचक छापे से कर्मचारियों में हड़कंप रहा।

निरीक्षण के बाद डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निगम के लैंड बैंक की जानकारी लेकर उस पर तारबाढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही खाली भूमि पर पौधरोपण कर पार्क विकसित करने को कहा। डीएम ने प्रत्येक पटल और खिड़की पर जो कार्य हो रहा है, उसकी जानकारी चस्पा करने के निर्देश दिए। लोगों की सुविधा के लिए वेबसाइट की जानकारी चस्पा करने को भी कहा, ताकि जनमानस अपनी कार्य प्रगति को ऑनलाइन चेक कर सके। डीएम ने टाउनहॉल की मरम्मत और सौंदर्यीकरण कराने के लिए आंगणन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम परिसर में पार्किंग को व्यवस्थित करते हुए बड़े वाहन, छोटे वाहन, फोर व्हीलर, टू व्हीलर का स्थान अलग–अलग चिन्हित करने को कहा। कहा कि स्ट्रीट लाइट की क्षेत्रवार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ऐसा सिस्टम विकसित करें की लाइट खराब होने पर सूचना मिल सके। जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र में देरी की वजह वेबसाइट में दिक्कत बताई गई।

### बरसात में डेंजर जोंन लेंगे प्रशासन की अग्नि परीक्षा

चमोली : ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे कमेड़ा और लामबगड़ सहित दस स्थानों पर बदहाल बना है। अगर इन स्थानों पर बरसात से पहले हाईवे दुरस्त नहीं किया गया तो बदरीनाथ और हेमुकंड तीर्थयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऑलवेदर रोड कटिंग के दौरान दो तीन साल पहले अनियोजित ढंग से काटी गई पहाड़ियां ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे के लिए नासूर बनी हैं। गौचर के पास कमेड़ा में करीब 200 मीटर के दायरे में पिछले साल भूस्खलन होने से एक सप्ताह तक हाईवे बंद रहा था। हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) कार्यदायी संस्था ने अस्थाई रूप से हाईवे को वाहन चलने लायक तो बना दिया। लेकिन एक साल बाद भी वहां पर स्थाई ट्रीटमेंट न होने से अभी भी हाईवे में आवागमन जोखिम भरा बना हुआ है। (एजेंसी)

# प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का लेखा मिलान किया

चमोली : भारत निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक मनदीप पंवार की अध्यक्षता में बुधवार को चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा मिलान किया गया। जिसमें सभी प्रत्याशियों के चुनाव खर्चे से संबधित वाउचर एवं निर्वाचन बैंक खाता, विवरण पत्र आदि का मिलान लेखा टीम के रिकॉर्ड से किया गया। लेखा टीम द्वारा साक्ष्यों और निर्धारित रेट चार्ट के आधार पर सभी प्रत्याशियों का चुनाव खर्चे का शैडो रजिस्टर तैयार किया गया है। निर्वाचन के दौरान तीन बार प्रत्याशियों के खर्चे का मिलान शैडो रजिस्टर से किया जाता है। जिसमें से पहला मिलान बुधवार को किया गया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों तथा लेखा टीम के सदस्यों को निर्वाचन व्यय निगरानी और रख रखाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी व्यय मामूर जहां, सहायक व्यय प्रेक्षक हनी दहिया, प्रभारी अधिकारी लेखा दल असलम सिद्दीकी तथा राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी, एजेंट आदि उपस्थित थे।



# किसी भी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस, चार प्रत्याशी मैदान में

चमोली : बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को लेकर नाम वापसी के अंतिम दिन बीत गया है। किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इस तरह से अब बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इसमें भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी, कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी और निर्दलीय प्रत्याशी नवल किशोर खाली शामिल है।



रिटर्निंग ऑफिसर आरके पांडेय ने बताया कि 26 जून नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित थी। नामांकन कर चुके चारों प्रत्याशियों में से किसी ने भी नाम वापस नहीं लिया है। निर्दलीय प्रत्याशियों को उनकी प्राथमिकता के आधार पर चुने गए प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिए गए है। उप चुनाव के लिए आगामी 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना की जाएगी। (एजेंसी)

### हेलीकॉप्टर से दो धाम की यात्रा का झांसा देकर 1.25 लाख ठगे

देहरादून। दो धाम की यात्रा हेलीकॉप्टर से कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1.25 लाख रूपये ठग लिए गए। ठगी की तहरीर पर क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसओ क्लेमनटाउन दीपक धारीवाल ने बताया कि विकास कुमार निवासी बडहिया, बरहाहिया, लखी सराय बिहार ने तहरीर दी। बताया कि हेलीकॉप्टर से केदरानाथ और बदरीनाथ धाम की यात्रा करने के लिए उन्होंने ट्रेकवेदा कंपनी के जरिए बुकिंग की।

बुकिंग के दौरान कंपनी का पता सुभाषनगर, क्लेमनटाउन का बताया गया। पीड़ित ने सवा लाख रूपये का भुगतान कर अपनी बुकिंग करवा ली। बुकिंग की प्रक्रिया अतुल नाम के व्यक्ति ने की। कंपनी ने बुकिंग की तिथि पर पीड़ित को सड़क मार्ग से बदरीनाथ धाम भिजवाया। इसके बाद हेलीकॉप्टर की बुकिंग होने से मना कर दिया गया। पीड़ित ने कंपनी में बात की तो उनका पैसा 15 दिन में वापस देने का भरोसा दिया गया। आरोप है कि इसके बाद कंपनी के संपर्क नंबर से पीड़ित का नंबर ब्लॉक कर दिया गया।

### संविदा, दैनिक वेतन, अंशकालिक कर्मचारियों को नियमित करे सरकार

देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने संविदा, दैनिक वेतन, अंशकालिक कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग की।

बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को सौंपे ज्ञापन में महासंघ पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के समान चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव को सौंपे ज्ञापन में अध्यक्ष दिनेश गोसाईं और महासचिव बीएस रावत ने कहा कि सार्वजनिक निगमों में संविदा, दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ , अंशकालिक, विशेष श्रेणी के कर्मचारी हैं।

जो 10 वर्षों से सभी विभागों में भिन्न भिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं। 10 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद उन्हें नियमित किया जाए। इस सम्बन्ध में हाईकोर्ट भी आदेश कर चुका है। इसके बाद भी अभी तक कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। इससे कर्मचारियों में निराशा का भाव है। इन कर्मचारियों के नियमितीकरण पर जल्द फैसला लिया जाए।

महासंघ ने चार प्रतिशत बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भी जल्द लाभ दिए जाने की मांग की। कहा कि केंद्र स्तर से घोषणा होते ही राज्य में भी तत्काल महंगाई भत्ता बढ़ा दिया जाना चाहिए। देरी होने से कर्मचारियों को वित्तीय नुकसान होता है।

कहा कि कई निगमों में कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ मिल रहा है। इन निगमों के कर्मचारियों को भी राज्य कर्मियों कार्यों की भांति मकान किराया भत्ता का लाभ दिया जाए।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338